हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 17 मार्च, 2021

को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

अतांराकित प्रश्न

अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों की संख्या

342. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) राज्य में (आऊटसोर्सिगं नीति भाग–2) अनुबंध के आधार पर ई.एस.आई. अस्पतालों तथा औषधालयों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा पिछली अनुबंध नीति की समाप्ति के बाद अनुबंध अवधि कितने दिनों के अन्दर बढ़ाई गई; तथा

(ख) क्या अनुबंध समाप्ति तथा विस्तार के बीच की अतंराल अवधि के दौरान कर्मचारियों को नियमित वेतन दिया जाता है; यदि नहीं तो, इसके क्या कारण है तथा विस्तार में देरी के कारण क्या है?

....

माईनर का निर्माण करना

248. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पुरानी लाठ माईनर को जोड़ने वाली जे.एल.एन नहर से एक माईनर का निर्माण करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अर्जित पानी के खालों की जगह गांव लाठ के किसानों के खेतों में पानी के खालों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ?

....

फार्मासिस्ट के नामकरण को बदलना

343. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकार द्वारा फार्मासिस्ट के पद का नामकरण बदल कर फार्मेसी अधिकारी कर दिया गया है ; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि राज्य में ई.एस.आई अस्पतालों तथा औषधालयों में नामकरण में बदलाव के लिए सरकार के आदेशों को लागू नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

....

एम.एल.एज. औषधालय का निर्माण

249. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चण्डीगढ़ में हरियाणा एम.एल.ए. हॉस्टल के समीप एम.एल.एज. औषधालय के निर्माण के लिए कोई जगह सरकार द्वारा चिन्हित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना हैं ?

....

सीवरेज की समस्या का समाधान करना

344. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वार्ड न. 5 के वैध रोड़ पर सीवरेज की समस्या कई दुर्घटनाओं का कारण है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

....

सी0 एम0 विन्डो पर प्राप्त शिकायतें

250. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) राज्य में सी0 एम0 विन्डो पर इसके आरम्भ से लेकर आज तक प्राप्त शिकायतों की वर्षवार, जिलावार तथा विभाग–वार संख्या कितनी क्या है;

(ख) उपरोक्त शिकायतों के सम्बन्ध में दोषी पाए गए व्यक्तियों/अधिकारियों की वर्षवार, जिलावार तथा विभाग–वार संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा उसके लिए क्या कार्यवाही की गई; तथा

(ग) राज्य में सी.एम.विन्डो पर इसके आरम्भ से प्राप्त भ्रष्टाचार की शिकायतों की जिलावार संख्या कितनी है?

....

सीवरेज तथा पेयजल पाईप लाईन की समस्या

345. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के वार्ड न. 9 में गांव दबुआ के हरिजन चौपाल में सीवरेज तथा पेयजल पाईप लाईन नही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

....

सोनीपत में अवैध रूप से चल रहे बेनामी डिपो

251. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित बेनामी डिपो डी.एफ.एस.सी. सोनीपत तथा उच्च प्राधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे है:—

1. राजेन्द्र नगर डिपो संजय के नाम पर है तथा पूर्ण नेपाली द्वारा श्री राजेश भारद्वाज के रूप में दर्शा कर गलत तरीके से चलाया जा रहा है;
2. अशोक विहार डिपो अनिल कुमार जटवाड़ा निवासी के नाम पर है तथा हुडा विभाग में आऊट सोर्सिंग पर कार्यरत नवीन द्वारा चलाया जा रहा है;
3. माडल टाऊन डिपो शारतेन्द्र के नाम पर है तथा सोनीपत के रमेश चौपड़ा द्वारा चलाया जा रहा है;
4. मुरथल डिपो सोनीपत के राजकुमार के नाम पर है तथा लखी द्वारा चलाया जा रहा है, जिस पर केरोसीन तेल चोरी का आरोप है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है?

....

चण्डीगढ़:
08 मार्च, 2021.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।